दिन–बुधवार | दिनांक– 12 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई विभिन्न पहल की सराहना की। कहा– केंद्र सरकार से राज्य को मिल रहा है विशेष सहयोग।

02. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा – अनफिट पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से सेवानिवृति दी जाएगी।

03. माघी पूर्णिमा पर आज श्रद्धालुओं ने गंगा समेत अन्य पवित्र नदियों में लगायी आस्था की डुबकी। प्रयागराज महाकुंभ में दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान।

04. और, प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना। अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट का पूर्वानुमान।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई विभिन्न पहल की सराहना की है। श्री कुमार आज पटना में संत रविदास जयंती पर विकास मित्रों के लिए आयोजित क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खुद बिहार से जुड़ी योजनाओं पर नजर रखते हैं।

–––बाइट–––

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में वंचित वर्ग के उत्थान के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

–––बाइट–––

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान वंचितों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये हैं।

–––बाइट–––

कार्यक्रम को अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण मंत्री जनक चमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने भी संबोधित किया।

---

इधर, संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने संत रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। रोहतास जिले के पोखराहां गांव में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाजसेवी बब्बन जी समेत स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार कृषि, ग्रामीण विकास और बुनियादी संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रही है। श्री चौधरी आज पटना में नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य के विकास में नाबार्ड की भूमिका की सराहना की। श्री चौधरी ने कहा कि नाबार्ड ने बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को वित्त पोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

---

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि वर्ष दो हजार तीस तक राज्य के किसी भी हिस्से को पचास किलोमीटर के दायरे में किसी न किसी फोरलेन हाईवे तक पहुंच सुलभ कराया जाएगा। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बिहार हाईवे विजन, दो हजार तीस को धरातल पर उतारने की प्राथमिकता दोहराई। उन्होंने कहा कि अभी विभाग के तहत छह हजार छह सौ पचास करोड़ रूपये की परियोजनाएं चल रही हैं। लगभग दो हजार करोड़ रूपये की योजनाएं निविदा के चरण में है और एक हजार साठ करोड़ रूपये की योजनाएं एकरारनामा के चरण में है।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि अनफिट पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से सेवानिवृति दी जाएगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री

कुमार ने कहा कि जांच के बाद जो पुलिसकर्मी कर्तव्य निर्वहन में सक्षम नहीं पाये जायेंगे, उन्हें रिटायरमेंट देकर पेंशन दिया जाएगा।

———बाइट———

---

जानी—मानी फिल्म अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने छात्रों से विफलता के डर की चिंता किए बिना अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करने और अपनी कमजोरियां दूर करने का आग्रह किया है। वे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दूसरे भाग के दौरान छात्रों के साथ बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि छात्रों को स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करना चाहिए और अगर कोई गलती हो तो घबराना नहीं चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छात्रों के साथ बातचीत का हवाला देते हुए फिल्म अभिनेत्री ने कहा कि छात्रों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करना चाहिए और कभी भी दबाना नहीं चाहिए।

———बाइट———

---

और अब खबरें महाकुंभ से.....

———म्यूजिक———

प्रयागराज महाकुम्भ में आज माघी पूर्णिमा पर अमृत स्नान सकुशल संपन्न हुआ। दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी। एक रिपोर्ट—

————रिपोर्ट———

माघ पूर्णिमा पर हर हर गंगे के जयघोष के साथ प्रयागराज में ब्रह्म मुहूर्त होते ही श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए त्रिवेणी संगम पर जुटने लगे थे। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गयी, जो समृद्ध सनातन संस्कृति के सम्मान का प्रतीक माना जाता है। माघ पूर्णिमा के दिन गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि आज के दिन त्रिवेणी संगम पर स्नान करने से लोगों के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके अलावा आज के दिन किये गए दान और तप भी बेहद फलदायी माने जाते हैं। यह कल्पवास करने के विशेष अनुष्ठान के संपन्न होने का भी प्रतीक है। आज के इस भव्य उत्सव में 10 लाख से अधिक कल्पवासी शामिल हुए। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ मेला 13 जनवरी से शुरू हुआ और यह छब्बीस फरवरी तक चलेगा।

---

माघी पूर्णिमा पर आज प्रदेशभर में श्रद्धालुओं ने गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में आस्था की डुबकी लगायी। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना के विभिन्न

गंगा घाटों पर अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। बक्सर, मुंगेर और बेगूसराय के गंगा घाटों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी।

---

प्रयागराज महाकुंभ में भारी भीड़ को देखते हुए कटिहार रेल मंडल ने जोगबनी से टूंडला के बीच एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन चौदह फरवरी को शाम छह बजकर चालीस मिनट पर जोगबनी से खुलेगी। वापसी में यह ट्रेन टुंडला से सोलह फरवरी को रात नौ बजकर चालीस मिनट पर जोगबनी के लिए रवाना होगी।

---

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। वहीं, अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सहरसा जिले का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान पंद्रह दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

कैमूर के मोहनिया स्थित समेकित चेक पोस्ट पर तैनात उत्पाद विभाग के एक सिपाही कुणाल कुमार को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मद्य निषेध विभाग के अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में एक होटलकर्मी की भी गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सिपाही ने शराब के नशे में कार से सफर कर रहे यात्रियों से दस हजार रूपये की रिश्वत ली थी।

---

प्रदेश के तीन जिलों में पुलिस और परिवहन विभाग की टीम पर हमला हुआ है। मुंगेर जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बबुआ नदी बालू घाट पर अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर बालू माफिया ने फायरिंग कर दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी कई राउंड फायरिंग की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिस के कई वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुयी है। मौके पर पुलिस के वरीय अधिकारी कैंप कर रहे हैं। इधर, हाजीपुर में देर रात डीटीओ कार्यालय में तैनात दो पुलिसकर्मियों पर वाहन जांच के दौरान हमला किया गया। ओवर लोड बालू ले जाए जा रहे ट्रक का चालान काटने के बाद नाराज ट्रक चालक ने दोनों पर हमला किया। दूसरी तरफ, मोतिहारी में पुलिस वैन और ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर के बाद आक्रोशित लोगों ने एक पुलिसकर्मी की पिटाई कर दी।

---

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। ये सभी प्रयागराज महाकुंभ से वापस लौट रहे थे। इधर, बक्सर जिले के नया भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–नौ सौ बाईस पर सड़क हादसे में एक बुर्जुग की मौत से आक्रोशित लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया।

---

शेखपुरा जिला मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र से पुलिस ने साइबर ठग शंभू केवट को गिरफ्तार किया है। वह डेढ़ करोड़ रुपए की निकासी करने बैंक आया था।

---

समस्तीपुर जिले के हरपुर एलौथ में आज प्रधानमंत्री प्रणाम योजना के तहत इंडियन पोटाश लिमिटेड के तत्वावधान में एक दिवसीय किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया।

---

खगड़िया जिले के डुमरिया बुर्जुग स्थित मोती हजारी उच्च विद्यालय मैदान में आज घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्थानीय सांसद राजेश वर्मा ने प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई विभिन्न पहल की सराहना की। कहा— केंद्र सरकार से राज्य को मिल रहा है विशेष सहयोग।

02. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा — अनफिट पुलिसकर्मियों को अनिवार्य रूप से सेवानिवृति दी जाएगी।

03. माघी पूर्णिमा पर आज श्रद्धालुओं ने गंगा समेत अन्य पवित्र नदियों में लगायी आस्था की डुबकी। प्रयागराज महाकुंभ में दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान।

04. और, प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना। अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।